हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक १०२ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १२ अक्टूबर २०२३ दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## देश प्रथम के संकल्प से दुनिया की महाताकत बनेगा भारत– सीएम योगी

### सबके कल्याण की बात करता है सनातन धर्म– योगी



प्रखर गोरखपुर। सीएम योगी बुधवार शाम गीता वाटिका में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका कल्याण के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार भाई जी की 131वीं जयंती पर संगोष्ठी के रूप में आयोजित श्रद्धा अर्चन कार्यक्रम में अपने भावों को शब्द रूप में व्यक्त कर रहे थे। श्भाई जी हनुमान प्रसाद जी पोद्दार– जीवन एवं अवदानश विषयक संगोष्ठी में मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि भाई जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत एवं भारतीयता, भक्ति, वैराग्य और आध्यात्मिक शक्ति के उत्थान में लगाया। गीता प्रेस के संस्थापक जयदयाल गोयनका के सानिध्य में रहकर उन्होंने साहित्य साधना के द्वारा भारत की अभिनंदनीय आध्यात्मिक सेवा की।उनके द्वारा प्रकाशित कल्याण पत्रिका भारतीय संस्कृति को मानने वाले सभी लोगो के मन में बसा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई जी ने कल्याण पत्रिका के द्वारा भारत की आध्यात्मिक, साहित्य और वैदिक साहित्य का समावेश कर, समाज और परिवार के अनुकूल बनाकर आम जन तक इसे सुलभ एवं सहज बनाया। गीता वाटिका के महान संत राधा बाबा के सानिध्य में रहकर भारतीय अध्यात्म एवं वैदिक साहित्य को घर घर तक पहुंचाया। सीएम ने कहा कि भाई जी आध्यात्मिक सेवक के साथ स्वतंत्रता सेनानी तथा आपदा में सहयोग के लिए अग्रणी रहने वाले भी थे। एक व्यक्ति में इतनी सारी योग्यता थी यह आश्चर्य की बात थी। देश की आजादी के लिए क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहकर उन्होंने युवाओं में आध्यात्मिक शक्ति को जगाने का कार्य किया। आगे कहा कि सम्पूर्ण भारतीयों के कल्याण एवं भारतीयता के हित में जो भी हो सकता था उन्होंने किया। आजादी की लड़ाई में वह जेल भेजे गए, उन्हें नजरबंद किया गया, कल्याण पत्रिका को जब्त कर लिया गया लेकिन भाई जी बेपरवाह अपने ध्येय में लगे रहे। उन्होंने आजादी के आंदोलन में भक्ति की शक्ति की आधारशिला तैयार की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई जी ने साहित्य साधना में अद्भुत कार्य किया। गोरखपुर से कल्याण का प्रकाशन करने के साथ गीता वाटिका को साधना स्थली बनाया। यहां राधा बाबा के साथ आध्यात्मिक शक्ति को लोक कल्याण से जोड़कर जीवन का ध्येय बनाया। वास्तव में राधा बाबा व भाई जी दो शरीर और एक आत्मा थे। भाई जी की भावनाओं के अनुरूप देश का वर्तमान नेतृत्व भारत और भारतीयता, देश के मानबिन्दुओं की पुनर्स्थापना के लिए कार्य कर रहा है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर का हो रहा निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, विंध्यवासिनी धाम का कायाकल्प और कुंभ का भव्य आयोजन इसके उदाहरण हैं। आज का नया भारत विरासत का सम्मान करते हुए आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सबके व चराचर जगत के कल्याण की बात करता है। सनातन धर्म में हर जाति को संरक्षण प्राप्त है। इसने कभी किसी जाति का विरोध नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म पर हो रहे प्रहार को लेकर चौकन्ना होना होगा। इस पर प्रहार करने वाले वे लोग हैं जिन्हें भारत का विकास अच्छा नहीं लगता, जिन्हें देश की आध्यात्मिक और भौतिक प्रगति स्वीकार नहीं होती। ऐसे लोगों को पहचानना होगा नहीं तो सनातन को कोसने वालों की तादाद बढ़ती जाएगी। भाई जी के प्रति श्रद्धार्चन के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी समाधि स्थली पर भी गए और पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंच पर दो बच्चों को खूब दुलारा और आशीर्वाद देकर उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो. बुद्ध रश्मि मणि, हरियाणा साहित्य एवं सांस्कृतिक अकादमी के उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के निदेशक (शोध एवं प्रशासन) ओम जी उपाध्याय, हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मारक समिति के सचिव उमेश सिंहानिया, संयुक्त सचिव रसेंदु फोगला, विष्णु प्रसाद अजितसरिया, प्रमोद मातनहेलिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पूरी पार्टी कुचलना चाहते हैं मोदी जी– सीएम केजरीवाल

### आप विधायकों पर 170 से ज्यादा केस दर्ज

प्रखर एजेंसी। ओखला से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान घर पर मंगलवार को ईडी रेड हुई। जिसको लेकर बुधवार सुबह विधायक अमानतुल्लाह खान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात के बाद सीएम केजरीवाल और विधायक अमानतुल्लाह खान ने एक प्रेस कॉफ्रेंस की। जिसमें सीएम केजरीवाल ने 'आप' नेताओं के घर की जा रही ईडी रेड को लेकर पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश है कि आम आदमी पार्टी को कुचलकर खत्म कर दिया जाए। अमानतुल्लाह खान के यहां ईडी की रेड भी 'आप' को खत्म करने की मुहिम का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज तक इन्होंने हमारी खूब जांच कराई, खूब रेड कराई, कई डस। और मंत्रियों को फर्जी केसों फंसाकर में जेल भेजा, लेकिन एक नए पैसे की भी गड़बड़ नहीं मिली। सब एक–एक करके छूट गए। एक–एक करके सारे केस कोर्ट में बंद हो गए। सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि मंगलवार को विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर ईडी की रेड हुई। यह पहला मौका नहीं है, जब पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर रेड कराई है। जब से दिल्ली में हमारी सरकार बनी है, प्रधानमंत्री मोदी जी की पूरी कोशिश यही रही है कि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए, खत्म कर दिया जाए। 2015 में दिल्ली में हमारी सरकार बनी और 2016 में प्रधानमंत्री जी ने हमारे खिलाफ शुंगलू कमेटी बैठाई। शुंगलू कमेटी हमारी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों की फाइल मंगाई, जो तकरीबन 400 फाइलें थीं। बड़े–बड़े अफसरों ने सारी फाइलों की जांच की और एक पैसे का भी घोटाला नहीं निकला। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी अभी तक आम आदमी पार्टी के विधायकों पर 170 से ज्यादा केस कर चुके हैं। इसमें से 140 से अधिक केस में कोर्ट का फैसला आ चुका है और सारे निर्णय मोदी जी के खिलाफ हैं। कोर्ट के सारे निर्णय आम आदमी पार्टी के पक्ष में आए हैं कि विधायकों पर झूठा केस किया गया, झूठी एफआईआर और गलत गिरफ्तारी की गई। अब पिछले दो साल से मोदी जी ने हमारे मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करना चालू किया है। इन्होंने सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार किया। मंगलवार को विधायक अमानतुल्लाह के यहां ईडी की रेड कराई। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि ये मामले कोर्ट में हैं। इसलिए इस पर ज्यादा नहीं बोलूंगा। पिछले सप्ताह मनीष सिसोदिया के केस में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जिस तरह से जज बार–बार ईडी से एक ही सवाल पूछ रहे थे कि कोई तो सबूत दो। इन लोगों के पास मनीष सिसोदिया के खिलाफ एक भी सबूत नहीं था। इसका मतलब साफ है कि सारे केस केवल झूठे किए जा रहे हैं। मंगलवार को अमानतुल्लाह खान के यहां हुई रेडी भी आम आदमी पार्टी को खत्म करने की मोदी जी की छेड़ी गई मुहिम का एक हिस्सा है। आज तक एक रुपए की हेराफेरी नहीं निकली। ये बोले कि केजरीवाल ने बस घोटाला कर दिया, सड़कों में घोटाला कर दिया, बिजली और पानी का घोटाला कर दिया। मोदी जी ने हमारी इतनी जांच करा ली। मैं पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देता हूं कि कहीं एक रुपए का भी घोटाला मिला हो तो बताएं। अगर कहीं घोटाला मिला होता, तो मोदी जी हमें छोड़ नहीं देते। लेकिन उनको कहीं कोई घोटाला नहीं मिला। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं पर चल रही सारी जांच फर्जी हैं। मोदी जी का मकसद भ्रष्टाचार खत्म करना नहीं है। मोदी जी ने दूसरी पार्टियों के सारे भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर ली है। अभी हाल ही में हमने महाराष्ट्र में इसका उदाहरण देखा है। दो दिन पहले मोदी जी चिल्ला–चिल्ला कर जिन नेताओं के लिए कहा कि इन्होंने 70 हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया, उन सारे भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया और उन पर लगे सारे केस खत्म कर दिए।

## गिरोहबंद अपराधियों का नेटवर्क होगा खत्म– डॉ मीनाक्षी कात्यायन

### 17 करोड़ 50 लाख से अधिक की चल–अचल संपत्ति किया जब्त



गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध 155 आरोपितों को भेजा गया जेल

प्रखर भदोही। भदोही पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यान ने बुधवार बातचीत में बताया कि भदोही में पुलिस गिरोहबंद अपराधियों के खिलाफ सख्त है। इस तरह के अपराध में संलिप्त अपराधियों की कमर तोड़ने में पुलिस जुटी है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध 155 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि 18 मामलों में ऐसे आरोपितों की तकरीबन 17 करोड़ 50 लाख से अधिक की चल–अचल संपत्ति को जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि जनपद की पुलिस लगातार गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई से संगठित अपराधियों की कमर टूट रही है। संगठित होकर समाज में वर्चस्व कायम करने एवं परिजनों के भौतिक–आर्थिक एवं अनुचित लाभ के लिए समाज में किए जा रहे अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए भदोही पुलिस तत्पर है। पुलिस समाज में ऐसी किसी गतिविधि को संचालित नहीं होने देगी जिससे गिरोहबंध अपराधियों का हौसला बढ़े और वे अपराध को अंजाम दें। पुलिस ने जिन गिरोबंद अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की है उनमें विशेषकर गौ तस्कर, मादक पदार्थ तस्कर, लूटेरों, हत्यारों व जालसाज शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन के निर्देश पर वर्ष 2023 में अब तक 168 पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत 50 अभियोग पंजीकृत किया गया है। जबकि अंतर्राज्यीय स्तर पर गौ तस्करी करने वाले 14 गिरोह, मादक पदार्थ एवं गांजा तस्करी करने वाले 11 गिरोह के साथ सभी 50 गिरोहों के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट लगाया है। जबकि गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में 155 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार गैंगस्टर एक्ट के 18 प्रकरणों में आरोपितों की 17 करोड़ 46 लाख 95 से अधिक की चल–अचल सम्पत्ति को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरोहों में शामिल लोग संगठित होकर अपने परिजनों के भौतिक, आर्थिक लाभ के लिए अपराधों को अंजाम देते हैं।

## समाज को सही रखने के लिए कभी कभी रणछोड़ भी खुद को कहलाना हो तो तैयार रहना चाहिए – साध्वी वैष्णवी भारती






प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वाधान में चल रही भव्य कथा के सातवा दिन हुआ साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती जी काल्यवान का प्रसंग सुनाते हुए कहा की यदी समाज को सही रखना है या जरूरत पड़े तो अपने आप को भगोड़ा भी कहला सकते है द्य आशुतोष जी महाराज के संचालन में साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती ने इतना सुंदर तरीके से वासुदेव ब्रह्मज्ञान,बलराम का ब्रज जाना, परीक्षित मुक्ति दर्शाया की सभी श्रोता मंत्रमुग्धा हुए स्वामी विश्वनाथन नंद ने सभी आए अतिथि का स्वागत किया । पूजा दीक्षित काशी क्षेत्र मंत्री महिला मोर्चा एवं अजगरा विधायक टी राम व बहुत अतिथि का स्वागत हुआ साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती ने आज के प्रसंग की वर्णन करते हुए कहा की जरासंध अपनी हार स्वीकार करने को मान ही नही रहा काल्यवान का संदर्भ भी बहुत अच्छी तरह से वर्णन हुआ। स्वामी हरिप्रकाश नंदा ने कहा की श्रीमद् भागवत कथा को सुनना एक अलग तरह की अनुभूति होती है जैसे ईश्वर सामने प्रकट हो गए हो द्य अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने आए सभी श्रोता भाई और बहनों का अभिवादन किया संचालन स्वामी अर्जुनानंद ने किया।

## किशोरी का स्नान करते समय घाघरा नदी में डूबकर हुई मौत

प्रखर पूर्वांचल खजनी,गोरखपुर। बेलघाट थाना क्षेत्र के कटया बाजार निवासी बकरी चराने गई किशोरी स्नान करते समय घाघरा नदी में डूब गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश का प्रयास किया गया किन्तु सफलता नहीं मिली। पुलिस की सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने शव की तलाश शुरू की 10 अक्टूबर बुद्धवार को देर शाम युवती का शव बरामद किया गया। खजनी तहसील के बेलघाट थाना क्षेत्र के कटयां बाजार निवासी श्यामलाल की 18 वर्षीय पुत्री गीता दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को अपने घर के समीप नदी के किनारे बकरी चराने गई थी। इस दौरान घाघरा नदी में नहाते समय अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसके साथ मौजूद एक नौ वर्षीय बच्चे ने युवती को डूबते देखकर शोर मचाया। मौके पर मौजूद ग्रामीण और परिजनों ने तलाश शुरू की और घटना की सूचना पुलिस को दी।कड़ी मशक्कत के बाद अगले दिन देर शाम शव बरामद होने के बाद थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्या ने पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## औचक निरीक्षक में गैरहाजिर मिली महिला चिकित्सक



सीएमओ ने दिया एक दिन का वेतन काटने का निर्देश

प्रखर कुशीनगर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फाजिलनगर का औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण में गैरहाजिर मिली एक महिला चिकित्सक की एक दिन वेतन काटने का निर्देश दिया। सीएमओ ने अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करें। दायित्वों के प्रति उदासीनता और लापरवाही ठीक नहीं है। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों, तीमारदारों व इलाज कराने आने वाले लोगों से पूछताछ किया। जो भी समस्या सामने आई उसका त्वरित समाधान भी कराया।

## मोदी सरकार पुनः बनने की आहट से विपक्ष में घबराहट– सुरेंद्र सिंह



पोरईकला में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार बनने जा रही है जिससे विपक्षियों में घबराहट है । लोगों की मुलभूति समस्याओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजात दिलाया है । विपक्ष एलायेंस को सरकार से सामना करने के लिए उनके पास कोई मुद्दा नही है । वह बुधवार को पोरईकला में पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करने के दौरान कही ।श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कद बढ़ा है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल से प्रदेश की जनता खुश हाल है । जौनपुर सदर में दावेदारी के बाबत कहा कि पार्टी नेतृत्व जिसे भी भेजेगी यहाँ कमल खिलना तय है । इस मौके पर प्रमुख रूप से उपेंद्र मिश्र सिंटू, महेंद्र सिंह, सन्तोष सिंह,राजेश सिंह,बृजेश सिंह,बेला बिंद,अनिल राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवाद का अतिरेक और साम्राज्यवाद, औपनिवेशिकवाद के मलीन मंसूबे

राष्ट्रवाद की मूल भावना से राष्ट्र में एकता अखंडता की संभावनाएं बलवती होती हैं। हम सब एक हैं इसकी इच्छा तथा भावना दोनों पनपती हैं और इन सद्भावनाओं के पीछे इतनी शक्ति ,ऊर्जा एवं ताकत होती है कि विदेशी आक्रांताओं की गुलामी से निजात पाई जा सकती है।राष्ट्रवाद से स्वतंत्रता तथा संप्रभुता प्राप्त की जा सकती हैस किंतु इतिहास तथा अतीत में कुछ संदर्भित घटनाएं ऐसी हुई है जिससे इसके दुष्परिणाम एवं दुष्प्रभाव प्रकट हुए हैं।जिसका दुष्परिणाम एक देश ,एक महाद्वीप ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रकट हुआ हैस दूसरी तरफ राष्ट्रवाद के अतिरेक या अंधराष्ट्रवाद के परिणाम स्वरूप उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद ने जन्म लिया है ।इसी के परिणाम स्वरूप अफ्रीका महाद्वीप में बंटवारा हुआ वहां के निवासियों के साथ पशु तुल्य व्यवहार किया गया और हमारे देश यानी भारत जैसे आत्मनिर्भर, संपन्न, खुशहाल देश को गुलाम बनाया गया और गरीबी, भूखमरी, अकाल ,कुपोषण जैसी विसंगतियों के साथ निवासियों को जीने के लिए मजबूर कर दिया गयास राष्ट्रवाद की भावना ने संपूर्ण गुलाम देशों में एक चिंगारी भर दी थी जिससे जन–जन एक योद्धा बन गया था ,और भारत अफ्रीका दक्षिण पूर्वी देश इस जिजीविषा के दम पर स्वतंत्र हो गए थे। यही राष्ट्रवाद की भावना है जिससे वहां के नागरिक कठिन से कठिन परिस्थिति में भी देश की सुरक्षा करने को अपने आप को प्रेरित करते हैं और देशभक्ति की भावना के कारण ही किसी भी देश का विकास होता हैस राष्ट्रवाद मानवता से ऊपर नहीं हैस राष्ट्रवाद एक विशेषता है, किंतु अंध राष्ट्रवाद घातक भी हो सकता हैस मानवता और राष्ट्रवाद की तुलना करना बेमानी है यह सर्वमान्य तथ्य है कि मानवता सर्वोपरि है। उसके पश्चात ही किसी देश या व्यक्ति का राष्ट्रवाद आता हैस यह अत्यंत ही रोचक बात है कि राष्ट्रवाद ने हीं साम्राज्यवाद उपनिवेशवाद को जन्म दिया है, और राष्ट्रवाद ने ही इसका सर्वनाश भी कियास यह राष्ट्रवाद का अतिरेक ही था ।

# सपा कार्यालय पर जयप्रकाश नारायण की जयंती पर हुआ माल्यार्पण व गोष्ठी का आयोजन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को समाजवादी पार्टी गाजीपुर के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन में सम्पूर्ण क्रान्ति के पुरोधा लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई । गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोकतंत्र की रक्षा करने और तानाशाही भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लिया । सर्वप्रथम सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता शिवमुनि यादव ने अपने समाजवादी गीत के माध्यम से लोकनायक जयप्रकाश जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि जय प्रकाश जी एक स्वतंत्रता सेनानी,समाज सेवी राजनीतिक संत और आधुनिक भारत के अग्रणी विचारक थे । उन्होंने कहा कि जय प्रकाश जी के राजनीतिक विचार कल तो प्रासंगिक थे ही बल्कि आज के राजनीतिक हालात में जयप्रकाश जी के विचार और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गये हैं ।आपात काल की तरह आज जब वर्तमान हुकूमत से इत्तेफाक न रखने वाले विरोधी नेताओं, पत्रकारों और कलाकारों के साथ बदले की भावना से उन्हें जेलों में ठूंसने का काम किया जा रहा है ऐसे बुरे वक्त में जयप्रकाश जी को पूरा मुल्क बहुत ही शिद्दत के साथ याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश जी हमेशा व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ते रहे उन्हें सत्ता से कभी मोह नहीं रहा । वह हमेशा जुल्म और जालिम से लड़ने में विश्वास करते रहे। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर उनको जीवंत रखने की जरूरत है। हम सबको उनसे प्रेरणा लेकर वर्तमान तानाशाही हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश जी को लखनऊ स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर स्थित जयप्रकाश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने से रोकने पर भाजपा सरकार के इस हिटलरशाही कदम की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मदान्ध हो गयी है। आज इस सरकार के कार्यकाल में महापुरुषों को श्रृद्धासुमन अर्पित करना भी मुश्किल हो गया है। अखिलेश जी को रोकने के लिए बैरीकेडिंग करना और लोहे की चादर लगाना इमरजेंसी और ब्रिटानी हुकूमत की याद दिला रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को जयप्रकाश जी जैसे महापुरुषों के सम्मान का भी ख्याल नहीं है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जयप्रकाश जी का अपमान कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी । जयप्रकाश जी के अपमान की कीमत भाजपा सरकार को चुकानी पड़ेगी ।

प्रदेश कार्यसमिति के आमंत्रित सदस्य रामधारी यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जय प्रकाश जी को लगभग 30वर्षों तक एक छत्र शासन करने वाली और निरंकुश होती जा रही कांग्रेस पार्टी की सरकार को समाप्त कर जनता पार्टी की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए याद किया जाता है । उन्होंने जय प्रकाश जी के राजनीतिक विचारों को साझा करते हुए कहा कि जय प्रकाश जी चाहते थे कि यदि हम सही अर्थों में जनता का राज स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए हमें ,सम्पूर्ण क्रान्ति करके सामाजिक परिवर्तन करना पड़ेगा । जनता को राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, बौद्धिक, शैक्षणिक स्वतंत्रता दिलानी होगी । हमें गरीबी, बेरोजगारी, शोषण को जड़ से समाप्त करना होगा । जब जनता खुद अपने कामों में सीधे भागीदार बनने लगेगी तभी लोकशाही को सच्चे अर्थों में जनता का राज कहा जा सकेगा । उनका सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक विचार सम्पूर्ण क्रान्ति कि विचार था ।वह सम्पूर्ण क्रान्ति करके शोषण और विषमता को जन्म देने वाली वर्तमान व्यवस्था को खत्म करके एक नये समाज की स्थापना करना चाहते थे ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से फेंकूं यादव गांधी, रविन्द्र प्रताप यादव,मो. जुम्मन, डॉ सीमा यादव, रीता विश्वकर्मा,सदानंद यादव,विभा पाल बलिराम पटेल, निजामुद्दीन खां, गोवर्धन यादव, अमित ठाकुर,अजय यादव, मारकन्डेय यादव, आत्मा यादव,राजेश कुमार यादव,भरत यादव,कंचन रावत,विजय यादव रीना यादव,प्रभु नाथ राम, भानु यादव,दारा यादव ,सतिराम यादव, बैजू यादव,संतोष यादव, अनुराग यादव , विन्ध्याचल यादव, अरविंद यादव, शिवमुनि यादव, संतोष यादव,सुजीत कुमार , पंकज यादव आदि उपस्थित थे । इस गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल यादव एवं संचालन जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया ।

# दे रहे हैं न्यौता !

होगा फिर से स्वागत ।
है आया बयान ।।
आकर के तो देखें ।
मिलना तय सम्मान ।।
दे रहे हैं न्यौता ।
कर सकते प्रवेश ।।
हैं वो अब स्वतंत्र ।
ना है कोई क्लेश ।।
फिर मिलेगा उनको ।
पहले वाला प्यार ।।
गए थे वो खुद ही ।
करें पुनः विचार ।।
ना कोई आपत्ति ।
और नहीं प्रतिबंध ।।



# जागो और जगाओ संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया




प्रखर वाराणसी। जागो और जगाओ फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय दिवस शिवपुर विधानसभा के सिंहपुर गांव में गांव की लड़कियों के साथ मनाया जागो और जगाओ संस्था के फाउंडर शशांक श्रीवास्तव जी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस क्यों मनाया जाता है दुनियाभर में हर साल 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है. इस दिन के मनाने की शुरुआत युनाइटेड नेशन (न्छ) ने सन 2011 में की थी. इंटरनेशनल डे ऑफ गर्ल चाइल्ड को मनाने के पीछे का उद्देश्य लड़कियों को विकास के अवसर प्रदान कर समाज में लड़कियों को सम्मान और अधिकार दिलाना है.जागो और जगाओ फाउंडेशन ने आज माननीय मंत्री अनिल राजभर के द्वारा उपलब्ध कार्य गए सेनेटरी पैड का फ्री वितरण लड़कियों को किया सदस्य ममता पटेल जी के द्वारा लड़कियों को सनेतरी पैड को कैसे इस्तमाल करना हे उसके बारे में भी बताया और स्वास्थ से संबंधित लाभ के बारे में भी जानकारी लड़कियों को उपलब्ध कराई कार्यक्रम में भागीदारी रही शशांक श्रीवास्तव ( फाउंडर ) ममता पटेल ( सदस्य )।

# कैनवस पर चित्र बनाकर शिष्यों ने दी जिले के प्रख्यातकला शिक्षक डा0 राजकुमार सिंह को श्रद्धांजलि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज शिष्यों ने गाजीपुर के गंगा जमुनी तहजीब को चरितार्थ कर दिया है। सम्भावना कला मंच के संस्थापक व प्रख्यात कला गुरु डॉ. राजकुमार सिंह (स्मृति शेष) के जन्म दिवस पर सम्भावना कला मंच, गाजीपुर के तत्वाधान में कला–सूत्रम आर्ट गैलरी द्वारा ष्कला–लोकष् एकदिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन युवराजपुर में किया गया। उनके शिष्यों ने कैनवास पर अपनी मनोभावों को चित्र के माध्यम से उतार कर अपने कला गुरु का जन्मदिन मनाया। इस कार्यशाला का अनौपचारिक उद्धघाटन प्रख्यात वक्ता अमरनाथ तिवारी श्अमरश् ने कला गुरु डॉ. राजकुमार सिंह के छविचित्र पर पुष्प अर्पित व दिप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला के आयोजक कला–सूत्रम आर्ट गैलरी के संयोजक सुधीर सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत सम्मान किया। इस कार्यशाला में डॉ. सूर्यनाथ पाण्डेय, सीमा सिंह, पंकज शर्मा, सुधीर सिंह, विनोद राव, डॉ. राजीव कुमार गुप्ता, सपना सिंह, आशीष गुप्ता, कृष्ण पासवान, चंदन यादव, शिवंशी शर्मा, अंजली, मनीष कुशवाहा, सत्यम मौर्य, रीति सिंह, उत्कर्ष सिंह, अंकिता, हर्ष शर्मा, सतीश यादव आदि प्रतिभागी कलाकार रहे। आयोजक सुधीर जी ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्वरूपित है। इस ष्कला–लोकष् कार्यशाला का आयोजन बीते 1 जनवरी 2023 को ही होना सुनिश्चित हुआ था, जो कि कला गुरु डॉ. राजकुमार सिंह की जयंती पर बिल्कुल नहीं होना था। बल्कि यह चित्रकला कार्यशाला का आयोजन उनके लिए ही, उनके साथ ही करने का तय किया गया था। पर अचानक सब कुछ बदल गया। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अस्वस्थ होने के बावजूद भी वो हर वक्त अपने छात्रों और कला के ही बारे में सोचते रहते, रंग, ब्रश, चित्र, कोई आयोजन व कला के ही बारे में बातें करते पर अस्वस्थ होने की वजह से वह खुद अपनी चित्रकारी से दिन–प्रतिदिन दूर होते चले गए, जैसे जैसे दिन बीते वैसे वैसे वह अपनी सृजनता को बहुत याद करने लगे थे। उनको बार–बार चित्रकारी करने का मन करता था। आये दिन वह रंग, ब्रश मंगवाने की जिद्द करने लगे थे। ऐसा लगता था कि चित्रकारी के बिना वह ज्यादा अस्वस्थ होते जा रहे हैं, जो बहुत चिंता का विषय था। उनके साथ हर समय उनकी पत्नी सीमा सिंह रहती थीं। मेरी बात इनके पत्नी से हुई और मैंने उनसे एक कार्यशाला का आयोजन करने के लिए कहा, उन्होंने उनके शिष्य राजीव से कार्यशाला के लिए बात की तो वो तुरन्त तैयार हो गए और 1 जनवरी को अपने गुरु जी के साथ उनके गाँव पर ही करने का तय हुआ पर होनी को ऐसा मंजूर नहीं था। कला गुरु डॉ. राजकुमार सिंह की तबियत अचानक ज्यादा बिगड़ गई और उन्हें उस कार्यशाला के एक दिन पूर्व ही बनारस हॉस्पिटल में एडमिट होना पड़ा जिससे यह कार्यशाला सम्पन्न नहीं हो पाया। जो अब उनके नहीं रहने पर उनके जन्मदिन पर आयोजित किया गया है। अमरनाथ तिवारी श्अमरश् ने बताया कि कोई भी साहित्यकार और चित्रकार कभी मरता नहीं, वो अपने कृतियों के साथ हमेशा जीवित रहता है। इस कार्यशाला के सभी प्रतिभागी कलाकारों को मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में प्रभाकर त्रिपाठी, सुजीत कुमार, जनार्दन यादव, डॉ. शम्मी सिंह, शोभा विश्वकर्मा, राजेश कुमार, पुनीत सिंह, प्रभात सिंह, कान्हा सिंह, ओमप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ुआ गोदाम से वनदेवी धाम होते हुए काझा मार्ग पर गड्ढा मुक्त कार्य का जिलाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

**गड्ढा मुक्त से जुड़े समस्त कार्यों को मानक के अनुरूप एवम् गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण न करने पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी**

प्रखर,मऊ। आज जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार ने शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे सड़कों के गड्ढा मुक्त अभियान के तहत बढ़ुआ गोदाम से वनदेवी धाम होते हुए काझा मार्ग पर॰ कराए जा रहे गड्ढा मुक्त कार्य का निरीक्षण किया। 14.4 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर इस वर्ष कुल 9 किलोमीटर लंबी सड़क पर पैचअप कार्य किया जाना है, जिसे 15 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है। इस पैचअप कार्य की कुल अनुमानित लागत 15 लाख रुपए है ।इस दौरान सड़कों पर जमी धूल की बिना एयर कंप्रेशर मशीन के प्रयोग से ठीक ढंग से सफाई किए बिना ही लेपन कार्य किए जाने एवं मानक के अनुरूप गड्ढों में गिट्टियों का प्रयोग न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी(प्रांतीय खंड)को गड्ढा मुक्त कार्य को निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गड्ढा मुक्त कार्य में प्रयुक्त किए जा रहे गिट्टियों की साइज एवं उसकी क्वालिटी की भी जांच की तथा लेपन कार्य हेतु प्रयुक्त किये जा रहे गिट्टियों की गहराई एवं कोलतार की गुणवत्ता की भी जांच जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अधिशासी अभियंता पी.डब्ल्यू.डी. एवं संबंधित ठेकेदार को सभी कार्यों को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने के निर्देश दिए। विशेष कर गड्ढों में मानक के अनुरूप गिट्टियों की भराई तथा सड़क पर जमी धूल की एयर कंप्रेसर मशीन से सफाई के उपरांत ही पैचअप कार्य करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए ।अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही संबंधित ठेकेदार से वसूली भी कराए जाने की चेतावनी जिलाधिकारी द्वारा दी गई। इस दौरान अधिशासी अभियंता पी.डब्ल्यू.डी.चक्रेश कुमार, सहायक अभियंता पी.डब्लू.डी. सौरभ सिंह, नायब तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कायस्थ महासभा ने मनाई लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जयंती



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर ।बुधवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वाधान में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रान्ति के पुरोधा एवं राजनीतिक संत लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर गोराबाजार पीजी कॉलेज स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया उसके पश्चात गोराबाजार स्थित महासभा के संरक्षक रणशेर लाल श्रीवास्तव के आवास पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई । इस अवसर पर महासभा के सभी कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक जीवन में नैतिकता, शुचिता और ईमानदारी का पालन करने के साथ साथ लोकतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लिया । गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए महासभा के प्रान्तीय उपाध्यक्षा मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि जयप्रकाश जी एक राजनीतिक संत थे । उन्हें सत्ता से कभी मोह नहीं रहा । वह राजनीति को सेवा का माध्यम बनाना चाहते थे । राजनीति में राष्ट्रीयता की भावना और नैतिकता की स्थापना उनका लक्ष्य था ।वह राजनीति में शूचिता और पवित्रता की निरन्तर वकालत करते रहे । देश की आजादी की लड़ाई से लेकर सम्पूर्ण क्रान्ति के आंदोलन तक तमाम आंदोलनों की मशाल थामने वाले जयप्रकाश जी का नाम ऐसी शख्सियत के रुप में उभरता है जिन्होंने अपने विचारों, दर्शन तथा व्यक्तित्व से देश को एक नई दिशा दी । डीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी उनकी देशभक्ति और साहस से अत्यन्त प्रभावित थे। उनकी समस्त जीवन यात्रा संघर्ष तथा साधना से भरपूर रही । मरणोपरांत 1999में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया ।उन्हें समाजसेवा के लिए 1965मे मैग्सेसे पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था । उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है ।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, विपिन बिहारी वर्मा, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव , अमित श्रीवास्तव गप्पू, परमानन्द श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव , मोहनलाल श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव,नवीन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अरूण सहाय ने किया।

# इमलियाचट्टी में कोटेदार के लड़के से असलहा दिखाकर साठ हजार रूपए की छिनौती

**घटना मंगलबार दोपहर की मोबाइल भी ले गए बदमाश**

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। इमलियाचट्टी चौराहे से चंद कदम की दूरी पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसा निकाल कर बाहर आए एक व्यक्ति से बैंक से ही साथ में लगे बदमाशों ने मस्जिद की गली में ले जाकर साठ हजार रुपए छीन लिए साथ में मोबाइल भी ले गए । घटना के संबंध में पीड़ित दिनेश सिंह उर्फ कल्लू निवासी ग्राम छिलैया थाना चुनार ने बताया कि मंगलवार को दोपहर में वह बैंक ऑफ बड़ौदा की इमलिया चट्टी शाखा से पैसा निकालने के लिए आया हुआ था बैंक में जब पैसा निकाल रहा था उसी समय दो लड़के उसके पास आए और उसे खाता खुलवाने के लिए कहने लगे कि मेरा खाता खुलवा दीजिए जब दिनेश ने कहा कि मेरे पास समय नहीं है तो वह लोग उससे खाता खुलवाने के लिए जिद करने लगे और दिनेश का मोबाइल किसी परिचित को फोन करने के लिए मांग लिए सीधा–साधा दिनेश उन लोगों को मोबाइल दे दिया और बैंक से साठ हजार रुपए निकाल कर इसके बाद बाहर निकाल तो वह सब भी आगे पीछे लग गए और खाता खुलवाने के लिए एक नियत स्थान पर ले जाने लगे और दिनेश मोबाइल लेने के चक्कर में पीछे पीछे लग गया बैंक ऑफ बड़ौदा से थोड़ी दूर पर ही स्थित मस्जिद की गली में ले जाकर दिनेश को असलहा सटा कर दिनेश की जेब में रखा साठ हजार रुपए निकाल लिया और वहां से फरार हो गए । घटना के बाद दिनेश के होश उड़ गए और वह कुछ देर सोचने के बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दिया लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आया इसके बाद किसी दूसरे के मोबाइल से फोन कर घटना की सूचना घर पर दिया और अपने कुछ परिजनों को मौके पर बुलाया फिर लोग इमलिया चट्टी पुलिस चौकी में जाकर घटना की सूचना दी लेकिन पुलिस घटना को लेकर गंभीर नहीं हुई और दिनेश को यह कह कर वहां से वापस कर दिया गया कि तुम झूठ बोल रहे हों।

**मीडिया के संज्ञान में घटना की जानकारी होने पर पुलिस हुई सक्रिय**

बुधवार की सुबह जब लूट की घटना की जानकारी स्थानीय मीडिया के लोगों को मिली तो लोगों ने इस संबंध में पीड़ित एव पुलिस से संपर्क किया और उच्च अधिकारियों से भी घटना के संबंध में जानकारी लिया तो पुलिस सतर्क हो गई और पीड़ित को साथ लेकर घटना की जांच में जुट गई और इमलियाचट्टी चौकी प्रभारी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में लगे सी सी कैमरा के फुटेज सहित आसपास के कई कैमरो के फुटेज खगाले ।

चौकी प्रभारी इमिलिया चट्टी दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है उसके आधार पर सीसीटीवी फुटेज देखा जा रहा हैं बैंक में लगे सीसीटीवी के फुटेज काफी धुंधले हैं इसलिए कुछ स्पष्ट पहचान नहीं हो पा रही है । सर्विलांस की मदद घटना में ली जा रही है ।

**मामले को दबाने में लगी रही पुलिस**

घटना मंगलवार दोपहर की है लेकिन पुलिस घटना से इंकार करती रही और घटना को दबाने में लगी रही यहां तक की बुधवार दोपहर तक भी पुलिस का कहना था कि दिनेश झूठ बोल रहा है ।इसके साथ इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है लेकिन मीडिया की सक्रियता को देखते हुए पुलिस को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ा और बुधवार लगभग 3 बजे पुलिस दिनेश को थाने लाकर उससे तहरीर ली

**क्षेत्राधिकारी ने घटना के संबंध में पीड़ित से किया बात**

अहरौरा थाने पहुंचे क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार पांडेय ने पीड़ित दिनेश से घटना की जानकारी लिया और चौकी प्रभारी को घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया की मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही हैं।

# डेंगू मरीज की सूचना पर सीएमओ ने किया दो गांवों का दौरा



गांव में तत्काल फागिंग, छिड़काव व दवा वितरण के लिए दिया निर्देश

प्रखर कुशीनगर। फाजिलनगर क्षेत्र के दो गांवों में डेंगू के संभावित मरीज मिलने की सूचना पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया फौरन उक्त दोनों गांव में पहुंचे। संभावित मरीजों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फाजिलनग भेजवाया। एनएस–1 पाजिटिव मरीजों के डेंगू कंफर्म करने के लिए एलाइजा टेस्ट के लिए ब्लड सैंपुल सेंट्रल लैब रविन्द्र नगर धूस भेजवाया। सीएमओ ने बताया कि घर घर जाकर लोगों का हालचाल जाना गया। गांव में निरोधात्मक कार्यवाही तेज करा दिया गया। उन्होंने फौरी तौर पर गांव में फांगिंग व छिड़काव करने तथा क्लोरीन की गोली वितरित करने के लिए संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया। सीएमओ ने बताया कि सूचना मिली कि फाजिल नगर क्षेत्र के ग्राम अमवा खास और मधुरिया में डेंगू के संभावित मरीज मिले है। इस सूचना पर वह स्वयं दोनों गांव में जाकर बुखार के मरीजों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फाजिलनगर भेजवाए। उन्होंने गांव में भ्रमण कर अन्य जानकारी भी हासिल की। उन्होंने कहा कि डेंगू को काबू में करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जहां सतर्कता और जागरूकता बढ़ाने दी है , वहीं निरोधात्मक कार्यवाई तेज कर दी है। इसके लिए मलेरिया विभाग की टीम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों गांव के जन समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। जन समुदाय को जागरूक भी किया जा रहा है।

**डेंगू से बचाव के लिए सावधानी**

सीएमओ ने जन समुदाय से अपील की है कि डेंगू से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। कूलर, फ्रीज, गमले, टायर और पशुओं के नाद में जलजमाव न होने दें। इन पात्रों में पानी बदलते रहें। नालियों व जल भराव वाले स्थानों पर जला हुआ मोबिल डाल दें।

# उचित दर की दुकानों से भी मुफ्त इलाज हेतु बनेगें आयुष्मान कार्ड

**12 से 25 अक्टूबर तक खाद्यान्न वितरण के दौरान उचित दर की दुकानों पर यह सुविधा उपलब्ध रहेगी**

**राहुल चौबे**

प्रखर दानगंज चोलापुर वाराणसी। जिले की सभी उचित दर विक्रेताओं द्वारा 12 से 25 अक्टूबर तक समस्त राशन कार्डधारकों के मध्य खाद्यान्न का वितरण किया जाना है और गरीब परिवारों को रु0 500000ध्–(रुपया पांच लाख मात्र) तक मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की गाइड लाईन के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजनान्तर्गत जारी 06 या 06 से अधिक यूनिट वाले पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड धारकोंध्यूनिटों, अन्त्योदय कार्डधारकों/यूनिटों एवं राशनकार्ड में सम्मिलित समस्त वरिष्ठ नागरिकों (आयु 60 वर्ष से अधिक) का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि यह कार्य ग्राम पंचायतध्नगरीय क्षेत्र में तैनात आगंनबाडी कार्यकर्ती, आशा कार्यकर्ती, पंचायत सहायक के साथ–साथ क्षेत्र में कार्यरत उचित दर विक्रेतागण द्वारा किया जायेगा और प्रत्येक वितरण दिवस में समस्त उचित दर दुकानों पर कैम्प आयोजित किया जायेगा। उन्होंने समस्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकोंध्यूनिटों, 06 या 06 अधिक यूनिट वाले पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड धारकों व उनके सम्मिलित यूनिटों तथा राशनकार्ड में सम्मिलित वरिष्ठ नागरिकों को बताया है कि वे अपने आधारकार्ड में लिंक मोबाईल नम्बर के साथ अपने ग्राम पंचायत/नगरीय क्षेत्र/वार्ड में कार्यरत अपने उचित दर विक्रेताओं से सम्पर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवाये। उक्त स्थान पर आगंनबाडी कार्यकर्तीध्आशाा कार्यकर्तीध्पंचायत सहायक द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही जिन राशनकार्ड धारकों के आधारकार्ड में पंजीकृत मोबाइल नम्बर उपलब्ध नही है, ऐसे कार्डधारक/सदस्य जहां पर मंत्रा डिवाइस उपलब्ध है, उन रोजगार सेवक/सी०एस०सी० संचालकों से सम्पर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवा ले। उन्होंने यह भी बताया है कि आयुष्मान कार्ड राशन वितरण कार्यक्रम के दौरान कई दिनों तक बनाया जाना है, इसलिए बिना वजह उचित दर की दुकानों पर भीड़ न लगाया जाए और आराम से सहजता के साथ सुविधानुसार अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

# संस्था कृषक विकास ग्रामोंद्योग संस्थान सीरिहिरा द्वारा खादी पखवाड़ा के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली खादी यात्रा





प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संस्था कृषक विकास ग्रामोंद्योग संस्थान सिरिहिरा सेवापुरी वाराणसी द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक (खादी पखवाड़ा) खादी ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से गांधी जयंती को खादी महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में 11अक्टूबर बुधवार कों सर्वोदय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखानसेनपुर कपसेठी वाराणसी के 200 बालक – बालिकाओं द्वारा खादी उत्पादन केंद्र खादी बगिया भीषमपुर वाराणसी का अवलोकन किया गया द्य जिसमें खादी प्रदर्शनी ,खादी कताई,बुनाई ताना आदि बनाने के विधि को बड़ी उत्सुकता से देख बहुत प्रसन्न हुए साथ ही बच्चों एवं अन्य ग्रामीणों के साथ बौली बाजार से खादी बगिया भीषमपुर तक खादी यात्रा भी निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से सुशील दुबे संत राम पाल चंद्रबली पटेल आदि लोगों ने सहयोग प्रदान किया। संस्था के मंत्री संदीप सिंह द्वारा बच्चों को खादी के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया एवं जलपान कराकर बच्चों को सरस्वती देवी एवं स्कूल व्यवस्थापक को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था के मंत्री संदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुरे देश में खादी यात्रा का कार्यक्रम 31 अक्टूबर 2023 तक निकाला जाएगा इसी क्रम में संस्था द्वारा सेवापुरी के आदि स्थानों पर माह भर खादी यात्रा स्कूल, कालेज में खादी प्रर्दशन आदि का अयोजन किया जाएगा।

# मानसिक रोगी तांत्रिकों के चंगुल में न फंसे: डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कन्हाईपुर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के व्यावहारिक मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह , असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अन्नू त्यागी द्वारा मंगलवार को कन्हईपूर, लाइन बाजार, जौनपुर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया गया। इसके अंतर्गत पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सुव्यवस्थित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा कर वहां के जनमानस को जागरूक किया गया। इसी क्रम में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर असिस्टेंट प्रोफेसर डा. जान्हवी श्रीवास्तव ने बताया कि जिस प्रकार शारीरिक बीमारी होती है ठीक उसी प्रकार मानसिक बीमारी भी होती है, परन्तु मानसिक बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को लोग पागल या भूतदृ प्रेत का प्रकोप मानते हैं और उपचार हेतु किसी बाबा (तांत्रिक) के चंगुल में बुरी तरह फंस जाते हैं। इससे आर्थिक और समय की हानि तो होती ही है साथ ही साथ मानसिक बीमारी और गंभीर रूप ले लेती है। फलतः पीड़ित व्यक्तियों को किसी तांत्रिक के पास न जाकर मनोचिकित्सक से परामर्शानुसार उचित इलाज करनी चाहिए। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अन्नू त्यागी ने कहा कि मानसिक बीमारी को छुपाए नहीं बल्कि खुलकर उस पर विचार करें। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय में व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग में परामर्श की सेवा उपलब्ध है पीड़ित व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। नुक्कड़ नाटक से प्रभावित होकर कन्हाईपुर के सभासद निशि सोनकर और जयविजय सोनकर एवं वहां उपस्थित जनमानस ने छात्र–छात्राओं को अत्यधिक सराहा एवं गर्वान्वित किया। इसके पश्चात नुक्कड़ नाटक में शामिल कृति, भूमिका, प्रतिभा, पुष्पा, शिवांगी, शिवांश, संजीव, अविनाश, प्रभाकर, विकास, अनिकेत, सत्यप्रकाश, अभीष्ट प्रकाश, रेशमी, अकीदा, पूजा, कृष्णा, अंजू, दिव्या, सोनाली, प्रिया, सृष्टि ने सहृदय लोगों को धन्यवाद किया। प्रखर पूर्वांचल

# उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर– मांझा मे खेलकूद प्रतियोगिता एवं सहायक अध्यापक रामनारायण यादव का श्रद्धांजलि समारोह







गाजीपुर। देवकली ब्लॉक के रामपुर– मांझा उच्च माध्यमिक विद्यालय में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन के साथ कार्यरत सहायक अध्यापक रामनारायण यादव ग्राम मंझारिया दिनांक 27,09, 2023रात्रि करीब 10रू30 बजे लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल इलाज के दौरान ब्रह्मलीन हो गए उनकी याद में दिनांक 11,10, 2023 को उच्च माध्यमिक विद्यालय में भावभीनी श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापक और बच्चों के साथ क्षेत्रीय लोगों ने चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्प के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया और उपस्थित लोगों के द्वारा कहा गया वह बड़े सहज ,सरल स्वभाव एवं मृदुभासी व्यक्ति थे अच्छे टीचर के साथ विद्यालय के अध्यापक एवं बच्चों से बहुत ही अच्छा व्यवहार, लगाव था इस विद्यालय में संस्कृत कार्यक्रम एवं खेलकूद के कार्यक्रम को उच्च शिखर पर ले जाने के लिए तन मन धन लगा देते थे उनकी छति से इस विद्यालय को बहुत बड़ा नुकसान हुआ जिसकी भरपाई नहीं हो सकता खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया गया ।

# संपर्क मार्ग बदहाल पूर्व सीएम के घर का मार्ग क्षतिग्रस्त



प्रखर खजनी गोरखपुर।बारिश का मौसम लगभग खत्म हो चला है लेकिन लोकनिर्माण विभाग द्वारा खराब सड़कों की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे बदहाल क्षतिग्रस्त जर्जर टूटी सड़कों पर आने जाने वाले लोगों को बड़ी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के खजनी सिकरीगंज मार्ग पर स्थित हरनहीं कस्बे से खजनी माल्हनपार मार्ग पर स्थित बढ़नी कस्बे तक जाने वाला लगभग 3 किमी लंबा संपर्क मार्ग टूट–फूट कर क्षतिग्रस्त और जर्जर हो चुका है।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित इस संपर्क मार्ग की वर्षों से मरम्मत नहीं हुई है। प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की लापरवाही और उदासीनता के कारण इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोग अपनी किस्मत को कोसते हुए किसी तरह अपनी यात्रा पूरी करते हैं। एक बार इस संपर्क मार्ग से गुजरने वाले यात्री दुबारा इस मार्ग पर आने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। यह संपर्क मार्ग खजनी तहसील से बढ़नी चौराहा होकर बांसगांव और गोला तहसीलों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है। इसी मार्ग पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व.वीर बहादुर सिंह का पैतृक निवास, सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनहीं, पुलिस चौकी हरनहीं, साधन सहकारी समिति क्रय विक्रय केंद्र , वीर बहादुर सिंह पीजी कॉलेज तथा ब्लॉक प्रमुख खजनी अंशु सिंह का पैतृक निवास स्थित है। उपेक्षा और बदहाली का दंश झेल रहे स्थानीय ग्रामीणों में बघैला गांव के निवासी जगदीश सिंह ने बताया कि समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन कुछ नहीं हुआ। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश चौरसिया ने कहा कि आश्वासन देकर अधिकारी भूल जाते हैं कई बार कहा जा चुका है। ब्लाक प्रमुख अंशु सिंह ने बताया कि सड़क बहुत अधिक क्षतिग्रस्त हो गई है मरम्मत कराने के लिए कहा गया है। हरनहीं महुरांव गांव के ग्रामप्रधान ऋषिकेश निषाद ने बताया कि 3 किमी की दूरी तय करने में आधा घंटा समय लग जाता है। कोई ध्यान ही नहीं दे रहा है, खराब रोड के कारण हादसे में कई लोगों के हांथ–पांव टूट चुके हैं। घईसरा गांव की महिला ग्रामप्रधान प्रियंका सिंह ने बताया कि रास्ता इतना खराब है कि लोग लंबी दूरी तय करके खजनी तहसील मार्ग से होकर आते जाते हैं।इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी खजनी राजू कुमार ने कहा कि समस्या से अवगत हैं और पीडब्ल्यूडी को इस मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# लोकबंधु स्वं जयप्रकाश नारायण की जंयती मनाई गई



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के अध्यता में लोकबंधु स्वं जयप्रकाश नारायण के जंयती के अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया।पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव ने उनके जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा जयप्रकाश नारायण का नाम एक मजबूत भारतीय राजनीतिक नेता, स्वत्रंत्रता सेनानी, विचारक समाजसेवी और आंदोलनकारी के रूप में रहें उनका सेवा भावना,त्याग, तपस्या से प्रभावित होकर जन मानस उन्हें लोक नायक भी कहते थें। कहा 19साल के तक पहुंचते–पहुंचते उनपर राष्ट्रीय आंदोलन पर प्रभाव पड़ने लगा। उन्होंने 5जून 1975 सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान किया था और कहा था इस देश से भर्ष्टाचार मिटाना, बेरोजगारी दूर करना शिक्षा में क्रांति लाना ऐसी चीजें हैं जो आज की व्यवस्था से पूरी नहीं हो सकता है इसलिए सम्पूर्ण व्यवस्था बदल दिया जाए और सम्पूर्ण व्यवस्था के परिवर्तन के लिए सम्पूर्ण क्रांति की आवश्यकता है संपूर्ण क्रांति के आह्वान उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी के सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए किया था। अध्यता करते हुए डां अवधनाथ पाल ने कहा स्वं जयप्रकाश नारायण जीवन भर देश सेवा के खातिर कितने बार जेल गयें यातनाएं सही लेकिन कभी अपने स्वभिमान से समझौता नहीं किया गांधी जी के विचारों से प्रभावित रहे जीवनभर सत्ता से दूर रहकर उनके आदर्श पर चलते रहें। गोष्ठी मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, राहुल त्रिपाठी, हिरालाल विश्कर्मा, श्रवण जयसवाल,राजेन्द्र टाइगर, इर्शाद मंसूरी,श्याम बहादुर पाल,दीपचंद राम,शुशील दूबे,दिनेश फौजी,अखिलेश यादव अनील दूबे,कमाल आजमी, अन्नपूर्णा देवांशी धर्मेंद्र सोनकर,हरिचंद प्रभाकर,लक्ष्मी शंकर यादव,संचालन नि० महासचिव अखंड प्रताप यादव ने किया।

# जब हो असुरक्षा की आशंका करे फोन



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसादपुर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत हाइजीन तथा गुड व बैड टच पर बालिकाओं को जागरूक किया गया। ट्रेनर सरिता व सुमन ने बालिकाओं को गुड व बैड टच के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि परिवार के सदस्य के अलावा कोई भी तुम्हे किसी भी तरह का लालच दे उसके बहकावे में ना आये। चाहे वह पड़ोसी ही क्यों ना हो। ट्रेनर ने बालिकाओं को पुलिस हेल्प लाइन 112 व चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के नम्बर्स को बताते हुए कहाकि जब भी तुम्हे किसी से डर या शोषण होने का अंदेशा हो इस नम्बर फोन करे और अपने माता पिता को इस बारे में जानकरी दे। इस दौरान बालिकाओं ने हाइजीन व सुरक्षा से सम्बंधित कई प्रश्न भी पूछे। इस दौरान सुनील कुमार चौरसिया, सच्चिदानंद, सत्यनारायण वर्मा, कामेश्वर प्रसाद, अशोक राम, निर्मला पांडेय व परशुराम सोनकर समेत अनेक शिक्षकगण रहे।

# महिलाओं ने प्रधानमंत्री के प्रति जताई कृतज्ञता, अवध पैराडाइज मे नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित

प्रखार ब्यूरो गाजीपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम व्यापक दृष्टि वाला एक ऐसा कानून हैं,जिसकी शक्ति से प्रत्येक स्तर पर आधी आबादी को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।आज यह बात भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने गाजीपुर सदर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु नगर के अवधा पैराडाइज में आयोजित नारी शक्ति वन्दन सम्मेलन में महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि इस कानून के बनने से विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। और भारतीय जनता पार्टी सरकार का यह सदैव पुरा पुरा प्रयास है कि महिलाएं आत्मनिर्भर बन स्वावलंबी भारत के निर्माण में सहयोगी बने। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में महिलाओं के मजबूत स्थिति को कोई नकार नहीं सकता। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं के समृद्धी और सम्मान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। महिलाओं के कल्याण के लिए समर्पित योजनाओं के माध्यम से जहां शिक्षा, रोजगार और आर्थिक समृद्धि की पुरी व्यवस्था निहित है वहीं उनके सम्मान को बढ़ाने का भी काम सरकार ने किया है। महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व मे लगातार 9 वर्षों से चल रही सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के लिए लाया गया यह कानून निर्णायक पहल है, यह कानून आधी आबादी के सम्मान के साथ साथ 33ः आरक्षण से महिलाओं के हिनता और दीनता को समाप्त करेगा।और आगामी लोकसभा चुनाव में मातृ शक्ति के बल पर पुनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत की सरकार बनने जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया तथा कार्यक्रम संयोजक नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने सबके प्रति धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

# जाणता राजा– छत्रपति शिवाजी का जीवन और व्यक्तित्व गौरवशाली पथ प्रदर्शक के रूप में जनमानस को आलोकित करेगा







प्रखर वाराणसी। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य जाणता राजा के मंचन के संन्दर्भ में दो दिवसीय कार्यक्रम 10 और 11 अक्टूबर 2023 को सेवा भारती समिति, काशी प्रांत द्वारा संत अतुलानन्द कॉन्वेंट स्कूल, कोइराजपुर हरहुआ वाराणसी में 'जाणता राजारू छत्रपति शिवाजी' कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं जिसमें निबन्ध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताएँ सम्मिलित थीं। आजादी के अमृत काल में इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के अमर बलिदानियों एवं वीर सपूतो की शौर्य गाथा से विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्र चेतना एवं मातृभूमि के प्रति अटूट सेवा भाव जागृत करना है इस परिप्रेक्ष्य में शिवाजी महाराज के चारित्रिक वैशिष्ट्य से विद्यार्थी न केवल परिचित हुए अपितु उन्होनें अपनी संस्कृति एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। 10 अक्टूबर 2023 को हुई प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉ. अनिल किंजवाडेकर (सचिव–जाणता राजा, आयोजन समिति) एवं विशिष्ट अतिथि एवं निर्णायक मण्डल के रूप में राम सुधार सिंह, डॉ. अनिता सिंह, रजत कुमार पाण्डेय, पुलक की उपस्थिति अपूर्व ऊर्जा का स्त्रोत रही। इस प्रतियोगिता में वाराणसी के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों ने अलग–अलग वर्गो में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया एवं विजेता घोषित हुये इसी क्रम में 11 अक्टूबर 2023 बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय के इंद्रधनुष सभागार में किया गया जिसमें प्रख्यात कथा वाचक शान्तनु महाराज के वरद हस्त के साथ–साथ अनिल ओक (राष्ट्रीय सहव्यवस्था प्रमुख, आर.एस. एस) के आगमन ने परिसर को दिव्य आभा से आलोकित कर दिया। शान्तनु महाराज ने अपने उद्बोधन में जाणता राजा अर्थात दूरदर्शी राजा के जीवन एवं संस्कार को रोचक कथा के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए सरल एवं सुगम्य एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में अंगीकार करने हेतु दृढ़ संकल्पित किया। विशिष्ट अतिथि अनिल ओक ने अपने उद्बोधन में शिवाजी के शौर्य एवं जीवन गाथा पर लिखी अपनी ओजस्वी कविता के माध्यम से दर्शक दीर्घा में बैठे सभी गणमान्य जन एवं विद्यार्थियों को उनके जीवन चरित्र से अवगत कराते हुए सभी के भीतर राष्ट्रीय चेतना एवं मातृ भूमि के प्रति सर्मपण की भावना से ऊर्जस्वित किया। प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने पधारे सभी गणमान्य एवं विशिष्ट जन का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की। संस्था सचिव राहुल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जाणता राजा का व्यक्तित्व और उनका शौर्य वर्णन एक गौरवशाली पथ–प्रदर्शक के रूप में विद्यार्थी जीवन को चिर–काल तक आलोकित करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जीतेन्द्र पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में इफरा सानिया एवं भाव्या सिंह द्वारा किया गया।

# जन सूचना अधिकार अधिनियम की उड़ाई जा रही है धज्जियां

प्रखर इन्दारा मऊ। जन सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ाने से जन सूचना अधिकारी बाज नहीं आ रहे हैं। ग्राम पंचायतों से जुड़ी सूचनाएं मांगने पर एक ओर जिले के अधिकारी चिट्ठी लेने से इंकार कर रहे हैं तो दूसरी ओर जन सूचना अधिकारी सूचना देने से कतरा रहे हैं। ऐसे में गांवों से जुड़ी जानकारी नहीं मिलने पर विकास कार्यों में पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। आवेदकों का कहना है कि गांवों के विकास कार्यों में गोलमाल होने के कारण जिम्मेदार आरटीआई की चिट्ठी देखते ही दूर भाग रहे हैं। कोपागंज विकास खंड के मुहम्मदपुर बाबूपुर गांव से जुड़ी जानकारी मांगने के आठ माह बाद भी ग्राम पंचायत अधिकारी ने मुहैया नहीं कराई गई। आवेदक सुजीत भारद्वाज ने आरटीआई के तहत 2 मार्च को छह बिंदुओ पर ग्राम पंचायत अधिकारी से सूचना मांगी थी। इसमें अपनी ग्रामसभा में वर्ष 2021 से 2023 के बीच मनरेगा मजदूरों ने कौन–कौन सा और कब कब कार्य किया? कितने मनरेगा मजदूर हैं उनका नाम, पिता का नाम और पता का ब्योरा मांगा है। इसके अलावा ग्राम सभा में कितना खड़ंजा मरम्मत कार्य हुआ कितना ईट लगा किस भट्ठे से ईट मंगाया गया उसकी रसीद की छाया प्रति मुहैया कराने की मांग की है। 2021 से लेकर अब तक ग्राम सभा में कितना धन खर्च किया कहा कहा कौन कौन कार्य हुआ क्रमवार देने की मांग किया है। लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी सूचना नहीं दी गई। इससे ग्रामवासियों में आक्रोश व्यक्त है।

# मानसिक रोग पागलपन नहीं यह सार्वभौगिक मानव अधिकार है – डॉ० शिवांगी श्रीवास्तव




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल सिटीः दी न्यूरो सिटी हॉस्पिटल की तरफ से मैदागिन स्थित पराड़कर स्मृति भवन में मानसिक रोगों के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के लिए एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया द्य पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. निशांत ओहरी तथा डॉ० शिवांगी श्रीवास्तव ने मानसिक स्वास्थ दिवस पर बताया कि हमारे समाज में मानसिक रोगों को पागलपन की संज्ञा दी जाती है यह पागलपन नहीं बल्कि यह एक ऐसी अवस्था है जिसका निदान संभव है लोग अपनी असामान्य परिस्थितियों का समस्या समाधान कर सकने में जब असमर्थ होते हैं तब उनमें अनेक प्रकार के लक्षण देखे जाते हैं जैसे लोगों से मिलना जुलना बंद कर देना या रुचियों को कम कर दिया जाना, नींद और भूख का कम हो जाना, उदास बने रहना, बात–बात पर क्रोधित या और आवेशित हो जाना, बेहोश होना, शारीरिक दर्द का होना इत्यादि। यहां उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि दी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल /दी न्यूरो सिटी हॉस्पिटल में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सभी प्रकार की जांच एवं उपचार की समस्त सुविधाएं उपलब्ध है। पत्रकार वार्ता के समापन पर दी हेल्थ सिटी हॉस्पिटल / दी न्यूरो सिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. राकेश सिंह ने सभी उपस्थित पत्रकार बंधुओं का अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मौसमी हो रहा बदलाव, सेहत को दे सकता घावः डॉ संजय सिंह



प्रखर,मऊ। मौसम में हो रहे परिवर्तन के बीच सेहत का ध्यान रखना अति आवश्यक है। इस दौरान डेंगू, निमोनिया, सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के साथ हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। तापमान में उतार–चढ़ाव के साथ अनियमित दिनचर्या के कारण युवाओं में हृदय रोग का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। ऐसे में सेहत को लेकर सावधानी बरतना आवश्यक है। डॉ संजय सिंह ने यह बातें रानीपुर ब्लाक के अमिरहां में शारदा नारायण हास्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मंगलवार को कही। डॉ सिंह ने बताया कि इस दौरान समाप्त हो रहे बरसात और आरंभ् हो रहे ठंड के बीच बच्चों और प्रसवा महिलाओं को विशेष रुप से सावधानी बरतने की आवश्यकता है। रात्रि में अब ओस पड़ना आरंभ हो गया है। ऐसे में बाहर सोना खतरनाक हो सकता है। बुजुर्गों का इस मौसम में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। शिविर में 152 लोगों की आंख, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच कर दवाओं का वितरण किया गया।

## गर्व फाउंडेशन के तत्वाधान में वाराणसी में नृत्य और गायन प्रतियोगिता का आयोजन




प्रखर वाराणसी।' नव सृजन फाउंडेशन " की नन्ही बच्चियों के बीच मिसेज यू. पी. नेहा सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 9, अक्टूबर 2023 को सम्पन्न कराया गया। 'गर्व फाउंडेशन ' के चेयरमैन अनुपम तिवार एवम प्रेजिडेंट श्रीमती श्वेता तिवारी ने बच्चियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया जिससे उनके अंदर की प्रतिभा को निखारा जा सके। ' प्रीती जायसवाल द्वारा संचालित 'नव सृजन फाउंडेशन ' की बच्चियों ने खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में अंजलि गुप्ता तृतीय, डॉली गौड़ द्वितीय एवं नैना गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्थापिका मिसेज यू. पी. नेहा सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को भी सर्टिफिकेट देकर उनका हौंसला बढ़ाया गया। अपने उद्बोधन में नेहा सिंह ने सभी का धन्यवाद किया और सबकी हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि ये तो शुरुआत है जो नहीं जीता वो हिम्मत न हारे उनके लिए गर्व फाउंडेशन सदैव तत्पर है।

# जिलाधिकारी के आदेश का हो रहा है उलन्घन – रामचन्द्र सिंह



प्रखर कुशीनगर। कुछ दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के कार्यकर्ताओं ने यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाधिकारी, कुशीनगर को एक ज्ञापन सौपा जिसमें माँग किया गया कि, कप्तानगंज तहसील अन्तर्गत ग्रामसभा लालाछपरा (टोला भटवलिया) में सरकारी अस्पताल, सरकारी प्राईमरी स्कूल होते हुए इमिलिहां टोला तक एक नई पिच सड़क का निर्माण जिला पंचायत के तरफ से हुआ है। इस नई सड़क पर लगभग आठ महीने से ऊपर हो गये बड़े–बड़े पत्थर के टुकड़े गिरे हुए जिसको रोलर मशीन से दबवाया तो गया है मगर पत्थर के बड़े–बड़े टुकड़े ऊपर आ गये है जिसके वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों, सरकारी स्कूल में आने वाले छोटे बच्चों और आम जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही साथ यह सड़क मानक के अनुसार भी नही बन रहा है और न ही इस सड़क पर अभी तक तारकोल ही पड़ा है। ज्ञापन देने के कुछ दिन बाद ही इस सड़क पर कार्य शुरू कराकर पत्थर के बड़े–बड़े टुकड़ों को रोलर मशीन से दबवाया तो गया मगर अभी तक इस नई सड़क पर तारकोल नही पड़ा है साथ ही साथ जो पत्थर दबाया गया था वह भी ऊपर आना शुरू हो गया है जो यह दर्शाता है कि, शिकायत करने के बाद भी सम्बन्धित विभाग के जिम्मेदार जिलाधिकारी के आदेश का भी उलन्घन करने से बाज नही आ रहे है जो एक चिन्ता और चिन्तन का विषय है। आज दिनाँक 11 अक्टूबर 2023 को यूनियन के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी को सौंपते हुए माँग किये है कि, उक्त सड़क जो मानक के अनुसार नही बन रहा है उसकी जाँच करायी जाय और इस नई सड़क पर तारकोल डालकर जितना जल्दी हो सके बनवाया जाय ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों, सरकारी स्कूल में आने वाले छोटे बच्चों और आम जनमानस को असुविधा का सामना न करना पड़े। अन्त में यूनियन के जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि, यदि एक महीने में सड़क बनकर तैयार नही हुआ तो हमारे यूनियन को जनहित में कोई ठोस कदम उठाने के लिये वाध्य होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर यूनियन के जिला सचिव चेतई प्रसाद, मोहन सिंह, जगदम्बा प्रसाद, हीरा लाल, जनार्दन और नवनीत सिंह के साथ साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू की मासिक पंचायत संपन्न




प्रखर मिर्जापुर। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत शिव मन्दिर शाहपुर माफी (सहपुरवा), ब्लॉक जमालपुर, मिर्जापुर में दयाशंकर यादव की अध्यक्षता मे हुई जिसका संचालन वीरेंद्र सिंह जिला महासचिव ने किया, सर्वप्रथम शाहपुर माफी ग्राम इकाई का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, उपाध्यक्ष गुलाब सिंह, भोलानाथ शर्मा ,महासचिव मदन सिंह, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह उर्फ राजू, मंत्री राधेश्याम, संगठन मंत्री राम आसरे यादव ,प्रचार मंत्री सुचित कुमार सिंह उर्फ टोनी, संरक्षक दयाशंकर यादव, श्यामजीत सिंह फौजी, महेंद्र सिंह व 13 सदस्य कार्यकारिणी में शामिल हुए। आज की पंचायत में निम्न समस्याओं पर चर्चा हुई।1. रीवा फीडर 5 1 न कुलावा से निकली हुई माइनर मे लगभग एक किलोमीटर पक्की लाइनिंग बनाया जाय, जिससे पांच छः गांव की सिंचाई सुनिश्चित हो जाएगी नहीं तो बीच में तटबंध टूट कर नाले में पानी चला जाता है।
2. जमालपुर क्षेत्र के विद्युत उप केंद्र घरवाह पर भारतीय किसान यूनियन और अधिकारियों के बीच जो समझौता हुआ था उसके मुताबिक 10 डठ। का ट्रांसफार्मर अभिलंब लगाया जाए , नहीं तो भारतीय किसान यूनियन मिर्जापुर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी जी के द्वारा एक्सियन से बात करने पर बताया गया कि अभी जिले पर ट्रांसफार्मर नहीं आया है और वहां जाने के लिए रास्ता भी नहीं बना हैं, जिस पर जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि जिले पर पहले ट्रांसफार्मर मगवाया जाय फिर रास्ता बनाकर लगवाया जाएगा। 3. घरवाह विद्युत उप केंद्र पर 24 घंटे बिजली उपलब्ध है किसानों को कम से कम 18 घंटे बिजली देकर फसल के बचाया जाए। 4. ॅभ्5। पर अहरौरा मे अवैध रूप से लगा अस्थाई टोल प्लाजा को तत्काल हटाया जाए। इन सभी समस्याओं को लेकर जल्द ही भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल उच्च अधिकारियो से मिलकर समस्या के निस्तारण करने का मांग करेगा नही तो धरना प्रदर्शन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। आज के कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह ,मंडल उपाध्यक्ष परशुराम मौर्या, मण्डल प्रवक्ता राजेश कुमार सिंह गुड्डू, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, जिला सचिव डॉक्टर पंचम सिंह, तहसील अध्यक्ष राम बृक्ष सिंह, तहसील मंत्री भोलानाथ गिरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष राम प्यारे सिंह, संजय सिंह ,छविनाथ विश्वकर्मा, बल्लू सिंह ,विकास सिंह, राजेंद्र प्रसाद ,मनोज कुमार सिंह, ज्ञान सिंह, मिट्ठू यादव, अवधेश कुमार व अन्य लोगों उपस्थित रहें।

# सपा ने मनाई जयप्रकाश नारायण की जयंती



### तानाशाह सरकार को उखाड़ फेकने में अहम भूमिका निभाईः देवी प्रसाद चौधरी

प्रखर मिर्जापुर। महान स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 121 वीं जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया और वक्ताओ ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी ने न केवल देश को आजादी दिलाई बल्कि आजादी के बाद भी उन्होंने तानाशाह सरकारों को उखाड़ फेंकने में अहम भूमिका निभाई। देश की राजनीति में उनके द्वारा लड़ी गई लड़ाइयां लोकतंत्र को बचाने की एक नजीर पेश करती हैं। जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी के पद चिन्हों पर चलते हुए पार्टी के सभी कार्यकर्ता किसान, मजदूर, गरीब सभी वर्गों का साथ निभाए। इसी से पार्टी को तरक्की मिलेगी।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ समापन

प्रखर पूर्वांचल सहजनवां गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक मुख्यालय पर 11 अक्टूबर दिन बुधवार को शासन द्वारा चलाए जा रहे मेरा माटी मेरा देश महाअभियान कार्यक्रम का समापन किया गया समापन कार्यक्रम कि शुरूआत ब्लाक मुख्यालय के प्रागण में स्थित भारत माता प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया इसके बाद भारत के शहीद वीर सपूतों को याद किया गया इस दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों का सम्मान किया गया,ग्राम प्रधानों द्वारा ब्लाक पर सौंपा गया अमृत कलश अब दिल्ली जाएगा। कार्यक्रम के इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, सहजनवा विधायक प्रदीप, शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख कमलदीप नारायण, प्रमुख प्रतिनिधि विकास सिंह,व खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला,समेत सैकड़ो की संख्या में प्रधान व कर्मचारी गढ़ मौजूद थे।

# लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण अभियान के तहत जेपी निवास पटना से चली यात्रा का गाजीपुर में हुआ स्वागत



प्रखर गाजीपुर। बनारस सर्व सेवा संघ के ध्वस्तीकरण के खिलाफ गांधीवादियों द्वारा लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण अभियान के तहत जेपी निवास पटना से चली यात्रा का गाजीपुर में हुआ स्वागत और हुई परिचर्चा। आज दिनाक 10 अक्टूबर 2023 दिन मंगलवार को गांधीवादियों की एक यात्रा लोकतांत्रिक राष्ट्र अभियान के बैनर तले जेपी निवास पटना से चलते हुए आरा , बलिया होते हुए गाजीपुर पहुची। यहाँ एक होटल में उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।ततपश्चात आयोजित परिचर्चा में इस यात्रा के संयोजक सुशील जी ने कहा वर्तमान वाराणसी जिला प्रशासन ने बनारस सर्व सेवा संघ को गैरकानूनी तरीके से ध्वस्त करके गांधीवादी धरोहरों ,संस्थाओंऔर पुस्तकालयों को ध्वस्त कर आधुनिक युग के बख्तियार खिलजी बनने का दुस्साहस किया है। जिसके विरोध में हम पटना से चलते हुए विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर कल वाराणसी में शास्त्री घाट पर एक सभा मे इस यात्रा को तब्दील करेंगे। जिसमें देश के भिन्न –भिन्न कोने से आये गांधीवादी इस सभा मे शिरकत करके नए आँदोलन की कार्ययोजना तैयार करेंगे।उनके साथ यात्रियों में पंकज जी ,शाहिद कमाल जी ,कारू जी, ईश्वर चन्द्र सिह जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत कर्ता और परिचर्चा में वक्तव्य देने वालो में डॉ श्रीकांत पांडेय जी, डॉ बालेश्वर विक्रम, ओमप्रकाश अरुण ,प्रमोद राय, उमेश श्रीवास्तव, रविभान , अभिनव सिह ,राकेश जयसवाल , दीपक उपाध्याय , अमितेश सिह, नितेश सहित कई गणमान्य मौजूद थे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ शम्मी कुमार सिह ने किया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं